अब रफ्तार पकड़ेगा वेलनेस, आईटी और एजुकेशन सिटी का काम

लखनऊ। एलडीए की वेलनेस सिटी, आईटी सिटी व एजुकेशन सिटी (मोहान रोड योजना) का काम अगस्त से रफ्तार पकड़ेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इसके लिए बुधवार को तीन कमेटियां बनाईं।

आईटी सिटी के लिए अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा व वेलनेस सिटी के लिए मुख्य नगर नियोजक केके गौतम की अध्यक्षता में अधिकारियों व अभियंताओं की टीम लगाई गई है। यह कमेटी वेलनेस व आईटी सिटी योजना में आने वाले गांवों में शिविर लगाकर किसानों से सहमति बनाकर जमीन खरीदेगी। साथ ही क्षेत्र में अवैध निर्माण व प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई कराएगी। मोहन रोड योजना के लिए गठित कमेटी प्रतिकर वितरित करके विकास कार्य शुरू कराएगी। (माई सिटी रिपोर्टर)